# 'ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ, मौके पर हो रहे समाधान'

**बालोतरा,** (निसं)। भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती हैं, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए ''राहत का मानसून'' बनकर आया है। 24 जून से 6 जुलाई तक चल रहे इस पखवाडे के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का ''मौके पर ही समाधान'' किया जा रहा है।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले भर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरूवार को टापरा, कालूडी, खोथों की ढाणी, बूठसरा, खारापार, जाखडा, रतेउ, मूठली, मेली, गुडा, खण्डप, सरवडी, गोदारों का सरा, दाखां, कादानाडी एवं पायलाखुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड रहा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे ब?ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है। चाहे वह ''जमाबंदी का शुद्धिकरण'' हो, ''आपसी सहमति से रास्ते के विवादों का निपटारा'' हो, या फिर ''जाति प्रमाण पत्र और स्वामित्व कार्ड'' का तुरंत वितरण हो, हर जगह ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। ीिश्वरों में कई ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड मिलने से उनकी भू-संपत्ति पर कानूनी हक मिल रहा है। बायतु भीमजी में किसान हनुमानराम की जटिल जमाबंदी का शुद्धिकरण हुआ और आपसी समझाइश से बनियां धोरे के कडवासरा परिवार के रास्ते का विवाद सुलझ गया, जो वर्षों से उन्हें परेशान कर रहा था। दाखा पंचायत में 4०० से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें आगामी खरीफ की बुवाई में ब?ी मदद मिलेगी। बामसीन ग्राम पंचायत निवासी प्रेम कुमारी को तो मौके पर ही उनका जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया, जिससे उन्हें बडी राहत मिली। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी बडी संख्या में निपटाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उसे सम्मानपूर्वक अपना हक मिल सके। यह राहत का मानसून इसी अंत्योदय की भावना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत बालोतरा जिले में भाखरी खेडा, जागसा, कितपाल, नगोणी धतरवालों की ढाणी, बायतु चिमनजी, परेउ, मेघवालों की बस्ती, केसुम्बला भाटियान, सिणेर, नाल, मिठौडा, रातडी, कंमों का बाडा, बामणी, होडू, सडा धनजी एवं दरगुडा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा आमजन को मिल रहा गर्भवती महिलाओं को उचित उपचार बालोतरा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत बालोतरा जिले में आमजन को व्यापक स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य जांचें और उपचार सेवाएं प्रदान की।

# आर्य वीरो की सामाजिक चेतना रैली आज

**जालोर** ,(कासं)। आर्य वीर दल जालोर के सात दिवसीय आत्मरक्षा,चरित्र निर्माण, संस्कार व योग शिविर से प्रशिक्षित हुए बालक- बालिकाएं की ओर से 27 जून को शाम 5 बजे से सामाजिक चेतना रैली एवं शोभा यात्रा का निकाली जायेगी। वह लाल पोल के अंदर स्थित सुभाष व्यायाम शाला से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए पुनः व्यायामशाला पहुंचेगी। शिविर संयोजक भरत कुमार भादरू व सह-संयोजक जगदीश आर्य ने बताया कि 22 जून से आर्य सुभाष व्यायाम शाला चल रहे शिविर में लगभग एक सो बालक बालिकाओं ने भाग ले रहे है।विभिन्न सत्रों में आसन, प्राणायाम,योग, कमांडो ट्रेनिंग,शाखा संचालन , लाठी एवं तलवारबाजी का प्रशिक्षण जोधपुर के दक्ष प्रशिक्षक उम्मेद सिंह आर्य, आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय,आबू पर्वत के नेमीचंद आर्य व सूरज आर्य द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा आर्य सुभाष व्यायाम शाला से प्रारंभ होकर बडी पोल,गौरव पथ,तिलक द्वार, हरिदेव जोशी सर्किल , पंचायत समिति रोड, भक्ति प्रहलाद चौक होते हुए पुनः व्यायाम शाला पहुंचेंगे ।आर्य वीर और वीरांगना जगह जगह प्रदर्शन करेंगे। भादरू ने बताया कि शिविर के पांचवें दिन ईश्वर उपासना के मंत्रो का, योगासन ,पीटी,मुक्त हस्त व्यायाम, लाठी व तलवारबाजी एवं युद्ध का अभ्यास किया। वही नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने कमांडो की ट्रेनिंग ली।बालक-बालिकाओं को किले का भ्रमण करवाकर उसके शौर्य गाथा के बारे में महामंत्री शिवदत्त आर्य ने जानकारी दी । इस अवसर पर समाज सेवी चन्द्रशेखर शर्मा कालुसा, आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य, आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आर्य वीर दल के संचालक प्रशांत आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य,संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य, पूर्व पार्षद फूलाराम प्रजापत, कन्हैयालाल मिश्रा ,गणपत आर्य, पूर्व संचालक छगन मीणा, मोहनलाल भादरू, छगननाथ ,समाजसेवी डूंगाराम सुथार, भंवर सिंह भाटी,सोम शर्मा उपस्थित रहे ।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001**
क्रमांक/भूमि/2025-26/769 दिनांक-25/06/25

**-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-**

श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री पुरुषोत्तम श्रीमाली जाति श्रीमाली गणेश मार्ग, गांधी कॉलोनी , जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवसीय मकान साईज 1112.24 वर्गफीट वाके दर्जी पाड़ा, जैसलमेर जो की श्री रमेश कुमार पुत्र श्री अमोलखदास जाति दर्जी निवासी दर्जी पाड़ा , जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय -पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री पुरुषोत्तम श्रीमाली जाति श्रीमाली निवासी गणेश मार्ग, गांधी कॉलोनी , जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है । अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे

**आयुक्त,**
**नगर परिषद जैसलमेर**


## बैठक सम्पन्न

**जालोर,**(कासं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया में विशेष योग्यजनों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने के लिए जिला स्तरीय सुगम निर्वाचन संचालन समिति की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप. के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मुख्य जिला शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि 18 आयु वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं तथा स्कूलों में विशेष शिक्षक द्वारा विशेष योग्यजन मतदाताओं के पंजीकरण व चिन्हीकरण में सहयोग प्रदान किया जावें।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001**
क्रमांक/भूमि/2025-26/767 दिनांक-25/06/25

**-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-**

श्री गजे सिंह गौड पुत्र श्री रुप सिंह जाति हजुरी निवासी गौड़ा पाड़ा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 159 साईज 4.5x12.5 = 56.25 वर्गमीटर वाके वाल्मिकी आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्रीमती रुखसाना पत्नी श्री जुनस अली जाति मुसलमान निवासी गांधी कॉलोनी, उमा मार्ग जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय -पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री गजे सिंह गौड पुत्र श्री रुप सिंह जाति हजुरी निवासी गौड़ा पाड़ा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे

**आयुक्त,**
**नगर परिषद जैसलमेर**


## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**जालोर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से धवला रोड स्थित मेघवाल समाज छात्रावास में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर गुरुवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति के शरीर को कई प्रकार की बीमारियां घेर लेती है, इससे व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर भी प्रभाव पडता है। नशे का आदि होने के बाद व्यक्ति कई प्रकार के अपराध भी कर लेता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा नशे से दूर ही रहना चाहिए। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए भी बोझ बन जाता है, वह नशे से अपराध की तरफ बढ जाता है। इस दौरान अस्सिटेंट एलएडीसीएस खुशवंतसिंह ने एनडीपीएस एक्ट, ड्रग्स एंड कोसमेटिक एक्ट एवं सरकार की नशा मुक्त अभियानों एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# 'आईआईटी जोधपुर मरुधरा की धरती पर चमकता हुआ मोती'

**जोधपुर,** (कासं) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला मील का पत्थर है। यहां से निकलने वाले स्नातक वह युवाशक्ति है जो विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे कभी सीखना बंद ना करें, कभी सपने देखना बंद ना करें तथा अपने हर निर्णय में 'भारत प्रथम' की भावना को अपनाएं। मुख्यमंत्री गुरुवार को जोधपुर में आईआईटी जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। आईआईटी परिसर स्थित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में 1224 आईआईटी छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय योगदान के लिए डॉ. वीके सारस्वत, प्रो. आशुतोष शर्मा और विपिन सोंधी को मानद उपाधि प्रदान की गई।

इस दौरान सुबह के सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा और नवाचार की शक्ति को पहचानती है। हम टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर निवेश कर रहे हैं ताकि युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर मिलें। उन्होंने सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आईआईटी जोधपुर भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, एआई, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, बायो इंजीनियरिंग इत्यादि के क्षेत्र में यह संस्थान अपनी शिक्षा और रिसर्च के लिए जाना जाता है। आईआईटी जोधपुर मरुधरा की इस धरती में एक चमकता हुआ मोती है जो पूरे भारतवर्ष में अपनी चमक बिखेर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के ज्ञान और विशेषज्ञता को अन्तराष्ट्रीय मंच उपलब्ध करवाने तथा नवीनतम तकनीकी सृजन के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। वर्ष 2030 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने के लिए अनेक अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। इस दिशा में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन कर 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू हुए और इनमें से सवा तीन लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारा भी जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा के साथ ही ऊर्जा भंडारण, वेस्ट टू एनर्जी, पर्यटन, खनन ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल, एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों में डिग्री प्रदान की। इसमें स्नातकोत्तर, एमडीएस, एमबीए और पीएचडी स्नातकों को डिग्री शामिल है। कार्यक्रम में आईआईटी जोधपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और इसरो के पूर्व अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने अध्यक्षता की। प्लाक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रुद्र प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार ने भी संबोधित किया। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।


## कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांकः- नपजा/राजस्व/2025/1851 दिनांक : 16/06/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री लालारामजी, जाति -माली , निवासी कस्तुरबा, कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर ने एक भूखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त भुखण्ड जालोर के आबादी भुमि कस्तुरबा कॉलोनी, जालोर में भूखण्ड आया हुआ है , जिसका पट्टा (विक्रय पत्र सं.- 36 /1977-78 दिनांक 27.02.1978) को श्री भंवरलाल पुत्र श्री सोहनलाल के नाम से जारी किया गया है । ततपश्चात् श्री भंवरलाल द्वारा जरिये रजिस्ट्री श्री दीपाराम पुत्र श्री अमराजी को 2700 वर्गफीट बेचान किया गया । श्री दीपाराम द्वारा जरिये वसीयत दिनांक 09.03.2015 को श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री लालारामजी को वसीयत किया गया । प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट का क्षैत्रफल 2700 वर्गफीट एवं पडौस एव चतुर्सीमा निम्न प्रकार है-

उत्तर :- श्री भंवरलाल पुत्र सोहनलालजी का प्लॉट, यह भुजा 90 फीट है ।
दक्षिण :- श्री भाटाराम पुत्र श्री जवानजी घांची का प्लॉट, यह भुजा 90 फीट है ।
पूर्व :- श्री भलाराम प्रजापत का प्लॉट , यह भुजा 30 फीट है ।
पश्चिम :- रास्ता, यह भुजा 30 फीट है ।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा ।

**अवगत रहें।** **आयुक्त, नगर परिषद, जालोर**


## सार-समाचार

### नशा विरोधी दिवस मनाया

**जालोर,** (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत पखवाडा के अंतिम दिवस गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और समाज को नशा मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल के उद्‌बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने कहा, ष्नशा मुक्ति एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है और हमें समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। आइए, हम सभी नशा मुक्ति की शपथ लें और समाज को स्वस्थ बनाने में योगदान देंवे । कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ मनीष सिंह, डॉ शिव कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### श्रीयादे बोर्ड के अध्यक्ष का किया स्वागत

**जालोर,** (कासं)। श्रीयादें माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाँक के जालोर आगमन पर श्रीयादें सेवा संस्थान जालोर की ओर से अभिनंदन किया गया । संस्थान के सचिव किशोर देवडा ने बताया कि शहर के एक निजी होटल में प्रहलाद राय टाँक का संस्थान अध्यक्ष नरपत लाल आर्य के नेतृत्व में माला, साफा व श्रीयादे माता के मोमेंटो से अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर नरपतलाल आर्य द्वारा श्री यादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष को संस्थान द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह , सामूहिक विवाह समारोह व अन्य सामाजिक सरोकार की गतिविधियों में भागीदारी के बारे में अवगत कराया गया । अध्यक्ष टांक द्वारा इन सभी आयोजित गतिविधियों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई । तथा उन्होंने शैक्षिक गतिविधियों को गति प्रदान करने हेतु श्रीपति धाम लाइब्रेरी के संचालन की आवश्यकता जोर दिया ।उन्होने माटी व दस्तकारी उद्योग से जुडे कुम्हार समाज के लोगो को संबंधित योजनाओं से जुडकर लाभ प्राप्त करने हेतु भी प्रोत्साहित किया ।इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाडा, गलबाराम आर्य, चंपालाल देवडा, बचनाराम देवडा, हितेश माल, ललित देवडा, श्याम देवडा, महेन्द्र राठौड, चंद्राराम कुमावत, कालूराम कुमावत, राजेन्द्र माल, किशन प्रजापत व रामेश्वर कुमावत उपस्थित थे ।

### 14 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए

**जोधपुर,** (कासं) । राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र की और से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 14 प्रकार के अलग अलग औषधीय पौधारोपण किया गया। जिसमे शतावरी, अश्वगंधा, हर्षशृंगार, खेजड़ी, शमी, जामुन आदि पौधें लगाए। इस अवसर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम लाल चौधरी ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नही होनी चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन औषधिय पौधों की देखभाल करें और उन्हें बड़ा होने में मदद करें। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर(आयुष) के प्रभारी डॉ. बी. आर. ग्वाला ने बताया कि औषधीय पौधे अधिक से अधिक संख्या में लगाया जाए जिसे आमजन को लाभ मिले व साथ ही आमजन से अपील की हर घर औषधीय पौधा लगाया जाए। पौधारोपण कार्यक्रम में युनानी चिकित्सक डॉ. दीपेंद्र धाबाई, डॉ. धर्म वीर यादव, वरिष्ठ कंपाउंडर श्याम लाल,नर्स प्रियंका विश्नोई,प्रियंका ताड़ा, हेतल चारण, सुरभि दाधीच, जय श्री, रविन्द्र, सुमित आदि उपस्थित रहे।

### निगम के कचरा संग्रहण वाहन चालकों का आतंक

**जोधपुर,** (कासं) । शहर के प्रताप नगर क्षेत्र में एक कार चालक एवं निगम की कचरा वाहक गाड़ी चालक के बीच आपसी तनातनी के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद यहां हंगामा हो गया। दरअसल प्रताप नगर में एक नई कार लेकर युवक जा रहा था। इस दौरान नगर निगम की कचरा संग्रहण की जा रही गाड़ी ने नई कार को टक्कर मार दी। कार सवार युवक ने कचरा वाहक गाड़ी के चालक को इसको लेकर शिकायत की तो कचरा वाहक के चालक ने कार चालक युवक के साथ मारपीट कर दी। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक को बचाया। स्थानीय लोगों की माने, तो कचरा वाहक गाड़ी चालकों ने खुद ही अपनी गाड़ी के कांच फोड़ दिए और कार चालक पर आरोप लगा दिया। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बताया जा रहा है कि एक गाड़ी चालक के साथ झगड़ा हुआ, लेकिन बाद में मौके पर चार पांच गाड़ी ड्राइवर पहुंच गए थे। सूचना के बाद मौके पर प्रतापनगर सदर थाना पुलिस पहुंची और लोगों को वहां से हटाया।

### नया सुराणा नवीन राजस्व ग्राम घोषित

**जालोर,**(कासं)।राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर सायला तहसील के मूल राजस्व ग्राम सुराणा में से नया सुराणा को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम नया सुराणा का क्षेत्रफल 2045.77 हैक्टेयर रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर मैराथन का हुआ आयोजन

**जालोर,** (कासं)। जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग जालोर के सयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर गुरूवार को ' औस नशा मुक्ति केंद्र, जालोर द्वारा जन जागरूकता मैराथन ''रन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज'' का आयोजन किया गया जिसे कलेक्ट्रेट परिसर जालोर से जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया।

# बालोतरा में जुटेंगे तीन हजार अधिवक्ता : पालीवाल

**जालोर,** (कासं)। अधिवक्ता परिषद जोधपुर प्रांत के प्रांत महामंत्री श्याम पालीवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं के राष्ट्रीय अधिवेशन की मेजबानी जोधपुर प्रांत को मिली है, जिसमें देशभर से 2500-3000 अधिवक्ता शामिल होंगे। वे गुरुवार को जिला मुख्यालय पर कहचरी परिसर में स्थित पेंशनर समाज भवन में अधिवक्ता परिषद जिला इकाई जालोर की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पिछली बार कुरुक्षेत्र हरियाणा को जिम्मेदारी मिली थी, इससे पहले लखनऊ और बैंगलोर में अधिवेशन हुआ था, लेकिन इस बार राजस्थान क्षेत्र के जोधपुर प्रांत को इसकी मेजबानी मिली है जो हम सभी के लिए खुशी के साथ गौरव का पल भी है। 26 से 28 दिसंबर तक होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, विभिन्न प्रांतों से अधिवक्ताओं के अलावा विभिन्न हाईकोर्ट्स के वर्तमान एवं पूर्व जजेज और कानूनविद् शामिल होंगे। तीन दिनों तक कानून के विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर मंथन करेंगे जो उसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा ने अधिवक्ता परिषद के ध्येय वाक्य 'न्याय ममः धर्म' के बारे में बताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को राष्ट्र हित में कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है।

बैठक में अधिवक्ता परिषद के जिला सह संयोजक ललित खत्री, अधिवक्ता मोहनसिंह राणावत, प्रवीण घांची, आहोर इकाई संयोजक अशोक सुथार, रणजीतसिंह राजपुरोहित, नवीन गहलोत, केशव व्यास, सुरेश सोलंकी, सुरेश राव, गोवर्धनपालसिंह, रणजीतसिंह, कुलदीप खण्डेलवाल, जितेंद्र कुमार परिहार, दिलीपसिंह रायपुरिया, प्रवीणसिंह समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# 25 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

**जालोर,**( **कासं** )। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान गुरूवार को 25 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान गुरूवार को जालोर पंचायत समिति की भागली सिंधलान व चूरा, आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान, थांवला, चवरछा, रामा व वलदरा, बागोड़ा पंचायत समिति की नांदिया व चैनपुरा, सायला पंचायत समिति की तिलोड़ा, सुराणा व दादाल, भीनमाल पंचायत समिति की दासपां व कावतरा, जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर व भरूडी, रानीवाड़ा पंचायत समिति की कागमाला, चितरोड़ी व आलड़ी, चितलवाना पंचायत समिति की टांपी, दूठवा व सेसावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सरनाऊ, भादरूणा व बिजरोल ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और .षि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आहोर पंचायत समिति की गुडा बालोतान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आपसी समझाईश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन किया गया। गुडा बालोतान ग्राम के खसरा नं. 207, 269, 270, 271, 272 व 273 कुल रकबा 04.22 स्थित है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**जालोर,** (कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना की ब्लॉकवार समीक्षा कर पीएचसी व सीएचसीवार जानकारी ली।

# एएनएम की प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को सीएमएचओ ने धमकाया, कलैक्टर पहुंच लगाई न्याय की गुहार

**जालोर,** । जालोर जिला मुख्यालय के आहोर उपखण्ड में स्थित एएनएम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ शिक्षक द्वारा छेडछाड करने व अभद्र व्यवहार करने के बाद बुधवार रात्रि छात्रावास में निवास में करने वाली छात्राएं कलैक्ट्रेट पहुंचकर दोषी शिक्षक के साथ कार्यवाही करने की मांग की । जिसके बाद जिला कलैक्टर ने शिक्षक के साथ छात्राओं की सहयोग करने वाली शिक्षिका को भी हटाने के बाद मामला शांत हो गया। वही इसके बाद सीएमएचओ डॉ.भैराराम जाणी ने छात्राओं का पक्ष लेने की बजाय उल्टा उन्हे ही धमकाने पर छात्राओं ने विरोध प्रकट कियाा वही रात्रि को करीब ग्यारह बजे छात्राएं छात्रावास पहुंची तो उन्हे प्रवेश भी नही किया गयाा बाद में एडीएम व पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद प्रवेश दिया गयाा वही छात्राएं कार्यवाही से संतुष्ठ नही होने पर पुन गुरुवार प्रात साढे बजे ही कलैक्ट्रेट पहुंच गई तथा कलैक्टर का इंतजार करने लगी जिला कलैक्टर ने बातचीत छात्राओं को रवाना कियाा

जालोर के आहोर में नाराज छात्राएं बुधवार शाम सात बजे कलैक्ट्रेट पहुंच गई। तथा शिक्षक पर छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने व छेडछाड करने का आरोप लगाकर शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही। जिसके बाद सीएमएचओ व जिला कलैक्टर ने शिक्षक को हटाने के साथ एक शिक्षिका भी हटाने के आदेश जारी कर किसी अन्य शिक्षक व शिक्षिका की नियुक्ति कर दीा वही सीएमएचओ द्वारा छात्रावास की छात्राओं को धमकिया कि मामले को वापस ले लो अन्यथा तुम्हारा भविष्य खराब हो जायेगा । वही सीएमएचओ द्वारा शिक्षका अनिता को हटाकर सोनू को लगाने पर सोनू द्वारा भी छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। छात्राओं की शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाईश कर देर रात्रि करीब ग्यारह बजे उन्हे सिविल डिफेंस की आपदा राहत वाहन व पुलिस वाहन से छात्राओं को छात्रावास के लिए रवाना कियाा वही देर रात्रि को छात्रावास वार्डन द्वारा उन्हे प्रवेश देने से इंकार कर दियाा इसके बाद पुलिस व प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद छात्राओं को प्रवेश दिया गयाा कार्यवाही से असंतुष्ठ छात्राएं पुन गुरुवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंच गई तथा शिक्षिका अनिता को पुन लगाने की मांग के साथ दोषियो के खिलाफ ग्रेस कार्यवाही करने की मांग की गई। जिसके बाद जिला कलैक्टर ने छात्राओं की समस्या सुनकर समाधान करने के बाद छात्राओं को छात्रावास के लिए रवाना किया गयाा इस पुरे प्रकरण में सीएमएचओ की भूमिका यदि निष्पक्ष होती तो अपने परिवार से दूर छात्रावास में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को कलेक्ट्रेट तक नही पहुंचना पडता ।

पीडित छात्राओं ने बताया कि सीएमएचओ दोषियो के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय हम पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे है तथा धमकाते है कि मैने ही तुम्हे यहां प्रवेश दिया है, तुम्हे हटा दुंगा ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्राप/मनरेगा/2025-26/22 दिनांक: 25/06/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत देबावास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो / संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2526A0320**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00562**

**सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत, देबावास, पंचायत समिति जालोर**
**ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, देबावास, पंचायत समिति जालोर**



## कार्यालय ग्राम पंचायत देबावास, पं.स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक : ग्रापं/2025-26/21 दिनांक: 25/06/2025

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 शेष अवधि में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म/शर्ते ऑनलाईन वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in तथा ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है ।

**NIB No : ZJR2526A0319**
**UBN No. : ZJR2526SLOB00561**

**सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत देबावास, पं. स. जालोर ( राज. )**
**ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत देबावास, पं. स. जालोर ( राज. )**



## कार्यालय नगरपरिषद, जालोर ( राजस्थान)

क्रमांकः/नपजा/स्टोर/2025/टेण्डर/2142 दिनांकः26/06/2025

**:: निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 ::**

नगरपरिषद, जालोर द्वारा निम्नलिखित कार्यो / सामग्री की आपूर्ति हेतु माल एवं सेवाओं के उपापन के लिए दर संविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 (31.03.2026) के लिए कार्य दर ( रेट कोन्टेक्ट ) हेतु विभिन्न फर्मो , ठेकेदारो, अधिकृत डिलरों से एतद्द्वारा मोहरबन्द निविदायें विभिन्न तिथि को आमंत्रित की जाती है । अतः इच्छुक व्यक्ति / एजेन्सी निश्चित् निविदा तिथि 01.07.2025 को समय प्रातः 10:00 से दोपहर 01:00 बजे तक निश्चित निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करवाकर निविदा प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकतें है । जो उसी दिन अथवा उपर्युक्त कार्यालय समय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी -.

**NIB No. - DLB2526A2883**
**TOTAL BID -12**

**( दिलीप माथुर)**
**आयुक्त**
**नगरपरिषद , जालोर**